# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (27 December)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-27-12-2018

- केंद्र सरकार ने जारी किया आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिये अलग-अलग हाई कोर्ट का नोटिफिकेशन; फिलहाल काम कर रहे संयुक्त हाई कोर्ट में कार्यरत न्यायाधीशों को दोनों राज्यों में किया गया आवंटित; आंध्र प्रदेश को 16 और तेलंगाना को मिलेंगे 10 न्यायाधीश; 1 जनवरी से अलग-अलग काम करेंगे दोनों राज्यों के हाई कोर्ट; आंध्र प्रदेश का अलग हाई कोर्ट अमरावती में काम शुरू करेगा; यह देश का 25वाँ हाई कोर्ट होगा
- खाद्य सुरक्षा नियामक यानी फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) ने शुरू किया 'प्रोजेक्ट धूप'; इसके तहत स्कूलों को मॉर्निंग असेंबली सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच शिफ्ट करने की दी गई है सलाह; देश के विभिन्न शहरों में कराए गए एक अध्ययन से पता चला है कि 90% विद्यार्थियों में थी विटामिन-D की कमी; FSAAI ने NCERT, नई दिल्ली म्यूनिसिपल काउंसिल और नॉर्थ MCD स्कूलों के साथ मिलकर तैयार किया है 'प्रोजेक्ट धूप'
- उत्तराखंड में शुरू हुई 'अटल आयुष्मान योजना'; इस योजना में 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों और 14 साल तक की आयु के बच्चों को सरकार नि:शुल्क OPD की सुविधा देगी; राज्य सरकार की ओर से जारी पत्र और कोई भी ID लेकर जाने से तुरंत मिलेगा योजना का लाभ; इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी; सूचीबद्ध अस्पतालों में योजना के तहत पहुँचने वाले मरीज़ों की सहायता के लिये 'आरोग्य मित्र' होंगे तैनात; राज्य के लगभग 23 लाख परिवार होंगे लाभान्वित
- रिज़र्व बैंक के आरक्षित कोष पर सुझाव देने के लिये रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर बिमल जालान की अध्यक्षता में बनाई गई समिति; रिज़र्व बैंक से उसकी आरक्षित पूंजी का एक हिस्सा सरकार को देने की मांग के बाद गठित की गई है यह समिति; रिज़र्व बैंक का कुल आरक्षित कोष 9.63 लाख करोड़ रुपए का है; सरकार इसमें से मांग रही है 3.6 लाख करोड़ रुपए
- सैन्य संबंधों को मज़बूत करने के लिये भारत और म्यांमार के सैन्य अधिकारियों ने की एक-दूसरे के देश की यात्रा; पूर्वी कमान से जुड़े थे म्यांमार गए भारतीय सैन्यकर्मी; दोनों देशों के बीच है 1643 किमी. लंबी भू-सीमा; देश के चार उत्तर-पूर्वी राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम से लगी हुई है यह सीमा; वीज़ा मुक्त आवागमन संधि के तहत दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे के देश की सीमा में 16 किमी. भीतर तक जा सकते हैं
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर के भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा दुधवा टाइगर रिज़र्व के निकट कतरनिया घाट वन्यजीव प्रभाग में जंगली जानवरों का अवैध शिकार करने के आरोप में हुए गिरफ्तार; जंगल में किसी भी प्रकार के शिकार पर लगी है पाबंदी; दोषी पाए जाने पर 7 साल तक की जेल और 20 लाख रुपए तक जुर्माने का है प्रावधान; भारत-नेपाल सीमा पर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी और बहराइच ज़िलों में फैला है दुधवा टाइगर रिज़र्व

- रूस ने किया हाइपरसोनिक न्यूक्लियर मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण; राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मौज़ूदगी में रूस की स्ट्रेटेजिक मिसाइल फोर्स ने अवंगार्ड (Avangard) मिसाइल से सफलतापूर्वक लक्षय को भेदा; रूस के अनुसार अभेद्य (Invulnerable) है उसकी यह मिसाइल प्रणाली; इस प्रकार की मिसाइल का परीक्षण करने वाला विश्व का एकमात्र देश है रूस
- जापान ने छोड़ी इंटरनेशनल व्हेलिंग कमीशन की सदस्यता; अब जापान में व्यावसायिक उद्देश्य से व्हेल का शिकार करना नहीं होगा गैर-कानूनी; जापान में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये व्हेल को मारने की पहले से ही थी इज़ाज़त; दुनियाभर में व्हेल के शिकार पर रोक लगाने के उद्देश्य से 1946 में किया गया था इंटरनेशनल व्हेलिंग कमीशन का गठन; 1986 में व्हेल की कुछ प्रजातियों के लगभग विलुप्त होने के बाद व्यावसायिक व्हेलिंग पर लगाया गया था प्रतिबंध; IUCN के अनुसार व्हेलों की संख्या 10 हज़ार से 25 हज़ार के बीच
- रेल संपर्क फिर से बहाल करने की तैयारी कर रहे हैं उतर और दक्षिण कोरिया; दोनों देशों ने रखी रेल-सड़क आधुनिकीकरण परियोजना की आधारशिला; 1950 से 1953 तक चले युद्ध के बाद अवरुद्ध हो गया था रेल संपर्क; निर्माण पूरा होने पर कोरियाई प्रायद्वीप को यूरोप से जोड़ने के लिये ट्रांस साइबेरियन रेलवे योजना की भी हो सकेगी शुरुआत; फिलहाल उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों के चलते इस परियोजना पर नहीं शुरू हो पाएगा वास्तविक निर्माण कार्य
- थाईलैंड की अंतरिम संसद ने मेडिकल उपयोग और शोध के लिये मारिजुआना के प्रयोग को दी अनुमति; दूसरी और तीसरी सुनवाई में पारित हुआ कानून रॉयल गैजेट में प्रकाशित होने पर हो जाएगा लागू; नशे के रूप में इसका प्रयोग अभी भी माना जाएगा गैर-कानूनी; ऐसा करने वाला दक्षिण-पूर्वी एशिया का पहला देश बना थाईलैंड; इसके अलावा इज़राइल ने भी मेडिकल उपयोग और शोध के लिये मारिजुआना के इस्तेमाल को अनुमति दे दी है
- द्रोणाचार्य अवार्ड से नवाज़े जा चुके सी.ए. कटप्पा भारत के पुरुष मुक्केबाजी के नए कोच बने; एस.आर. सिंह की जगह लेंगे कटप्पा; अब तक सहायक कोच की भूमिका निभा रहे थे कटप्पा; राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मैडल जीत चुके हैं कर्नाटक के कटप्पा; सेना में भी कोच की ज़िम्मेदारी निभा चुके हैं कटप्पा